भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2468

06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: बीमारी से प्रभावित तमिलनाडु में नारियल के बागान

2468. डॉ. रानी श्रीकुमारः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को रूट विल्ट रोग के बारे में जानकारी है जिसने तमिलनाडु राज्य में बड़ी संख्या में नारियल के बागानों को प्रभावित किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी गई सहायता/समर्थन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसी बीमारियों से निपटने के लिए योजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा पिछले दस वर्षों के दौरान ऐसी योजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>

(क): तमिलनाडु राज्य में 67,989 लाख नारियल के वार्षिक उत्पादन के साथ 4.72 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में नारियल की खेती की जाती है। सरकार नारियल के बागानों में रूट विल्ट रोग नामक प्रचलित प्रमुख रोग के विषय में जागरूक है जिसका प्रभाव तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर, तिरुपुर, थेनी, तेनकासी और कन्याकुमारी जिलों में बड़ी संख्या में नारियल के बागानों पर पड़ रहा है।

(ख) और (ग): कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत नारियल विकास बोर्ड, नारियल के विकास के लिए संबंधित राज्य सरकारों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है, तथा रोगग्रस्त, अनुत्पादक, पुराने और जीर्ण ताड़ के पेड़ों को हटाकर, गुणवत्ता वाले पौध से पुनः रोपण कर और एकीकृत पद्धतियों के माध्यम से शेष ताड़ के पेड़ों का पुनरूद्धार कर नारियल की उत्पादकता और उत्पादन को बढ़ाने के मुख्य उद्देश्य से पुनः रोपण और पुनरूद्धार योजना को कार्यान्वित करता है, तथा एकीकृत खेती के माध्यम से उत्पादकता और आय में सुधार करने के लिए प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से एकीकृत खेती-प्रदर्शन भूखंडों की योजना बनाता है। इसके अलावा, डीएएंडएफडब्ल्यू के अंतर्गत पौध संरक्षण, संगरोध और भंडारण निदेशालय एकीकृत कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करता है, नियमित सर्वेक्षण और निगरानी करता

है और प्रमुख कृषि फसलों से जुड़े विभिन्न कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए समय पर सलाह जारी करता है। वर्ष 2016-17 से 2023-24 के दौरान पुनर्रोपण एवं **पुनरूद्धार** योजना के अंतर्गत आवंटित एवं उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध-I पर** संलग्न है तथा वर्ष 2014-15 से 2023-24 के दौरान नारियल विकास बोर्ड की एकीकृत खेती-प्रदर्शन भूखंडों की योजना के अंतर्गत आवंटित एवं उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध-II पर** संलग्न है।

*****

अनुबंध-I

वर्ष 2016-17 से 2023-24 के दौरान नारियल विकास बोर्ड की पुनर्रोपण एवं पुनरूद्धार योजना के अंतर्गत आवंटित एवं उपयोग की गई धनराशि का विवरण

(रूपए लाख में)

योजना	वित्तीय लक्ष्य/उपलब्धि	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	कुल
पुर्नरोपण एवं पुनरूद्धार योजना	लक्ष्य	2000.00	1342.50	2435.18	954.06	1780	1157.5	1002.89	1448.65	**12120.78**
	उपलब्धि	2000.00	1272.31	2435.18	954.06	1543.44	1103.37	922.417	1448.65	**11679.43**

अनुबंध-II

<u>वर्ष 2014-15 से 2023-24 के दौरान नारियल विकास बोर्ड की एकीकृत खेती-प्रदर्शन भूखंड योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण</u>

(रूपए लाख में)

योजना	वित्तीय लक्ष्य/उपलब्धि	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	कुल
प्रदर्शन भूखंड का निर्माण	लक्ष्य	575.260	1120.480	1014.250	1522.840	1521.570	308.390	125.080	28.410	137.73	322.70	**6676.71**
	उपलब्धि	575.260	1120.480	1014.760	1489.850	1267.690	174.800	82.580	26.940	137.73	322.71	**6212.28**